लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4523

19 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

परिधान विनिर्माण में इन्क्यूबेशन

4523. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री गिरीश भालचन्द्र बापटः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना हेतु परिधान विनिर्माण में इन्क्यूबेशन हेतु कोई योजना प्रारंभ की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना के उद्देश्य क्या हैं;

(ख) अब तक इन उद्दश्यों को किस स्तर तक प्राप्त किया गया है;

(ग) अब तक योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या केन्द्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र में कोई इनक्यूबेशन केन्द्र स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): जी हां। सरकार, अपैरल विनिर्माण उद्भवन योजना (एसआईएम) क्रियान्वित कर रही है जिसे जनवरी, 2014 में प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया था। यह मांग आधारित योजना है। इस योजना का उद्देश्य उद्यमियों को प्लग एण्ड प्ले सुविधा के साथ समन्वित कार्य स्थल और लिंकेज आधारित उद्यमवृत्तिमूलक पारिस्थितिकीय तंत्र प्रदान कर अपैरल विनिर्माण में उन्हें बढ़ावा देना है जिससे उन्हें अपना नया व्यवसाय स्थापित करने और उसे बढ़ाने के लिए परिचालनात्मक और वित्तीय लागत कम करने में मदद मिलेगी। इस योजना में अपैरल विनिर्माण में उद्यमवृत्ति का संवर्धन करने, अतिरिक्त विनिर्माण क्षमता और रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन किए जाने की परिकल्पना की गई है। अब तक सरकार ने तीन परियोजनाएं मंजूर की हैं जो मध्य प्रदेश, ओडिशा और हरियाणा राज्य में हैं। ये सभी परियोजनाएं निर्माण के अलग-अलग चरणों में हैं। आज की तारीख तक महाराष्ट्र राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****